तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

12 जीत दर्ज करने में सक्षम को ही दी जाएगी टिकट: बिप्लब देब

12 दुकान गिरने की आशंका से पंजाबी मार्केट का रास्ता रोका

खबर संक्षेप

कई किसानों की बिजली केबल चोरी

बावल। किसानों के नलकूपों से बिजली केबल होने का सिलसिला लगातार जारी है। कालड़ावास गांव से चोर 6 किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में लीलूराम ने बताया कि सुबह के समय जब वह अपने कुएं पर गया तो केबल गायब मिली। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि चोर देवेंद्र, नरेंद्र, सुभाष, अतर सिंह व धर्मबीर के ट्यूबवेल से भी बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर गत 24 मई को दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने अस्पताल से महिला का मेडिकल कराने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कोसली के एक गांव निवासी अजय उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। उसे वीरवार को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

घर से टहलने के लिए निकला बुजुर्ग लापता

बावल। प्राणपुरा में रात को खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकला एक बुजुर्ग लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सोनू ने बताया कि उसका ताऊ 60 वर्षीय भूपसिंह 28 जून की रात खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने के लिए गया था। देर रात तक वापस नहीं आने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसके ताऊ का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी।

रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी काबू

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत वर्ष 20 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले के एक आरोपी जुड्डी निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। इस मामले में अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

कसोला। असाही फ्लाईओवर के पास ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। रेवाड़ी के कुतुबपुर में रहने वाले मूल रूप से यूपी के काछीपुरा निवासी राहुल अपने दोस्त हिमाचल के कांगड़ा निवासी शौर्या रैना के साथ बाइक पर औद्योगिक एरिया में कंपनी से ड्यूटी खत्म करने के बाद कमरे पर जा रहा था। असाही फ्लाईओवर के पास ट्रॉला ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

दहेज उत्पीड़न के केस में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जाने से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिर नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 22 जून को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में बालावास निवासी शिव प्रताप को गिरफ्तार किया है।

भाड़ावास गेट के पास बाजार जलमग्न।

बरसात से तालाब बना मॉडल टाउन।

सीजन की सबसे तेज बरसात से खिले किसानों के चेहरे तो शहर की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

बरसात के बाद भाजपा सह प्रभारी ने देखे हालात जलभराव को लेकर उपायुक्त को लगाई फटकार

रेस्ट हाउस पहुंचने से पहले भाजपा नेता ने देखा शहर का नजारा, रेस्ट हाउस पहुंचते ही कर लिया डीसी राहुल हुड्डा को तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की पहली सबसे तेज बरसात ने एक बार फिर शहर में पानी निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जिस समय बरसात रुकी, ठीक उसी समय भाजपा के प्रदेश सह प्रभावी बिप्लब देब गढ़ी बोलनी रोड से हाते हुए रेस्ट हाउस पहुंच गए। शहर में एकत्रित बरसाती पानी देखकर बिप्लब देब ने सबसे पहले डीसी राहुल हुड्डा को रेस्ट हाउस बुलाकर फटकार लगाई। उन्होंने डीसी से दो टूक शब्दों में सवाल किया कि जल निकासी व्यवस्था लचर क्यों है। प्रशासन का यह तरीका आमजन के हित में बिल्कुल ठीक नहीं है। डीसी समस्या के जल्द निराकरण की बात कहते हुए रेस्ट हाउस से चले गए।

बुधवार देर रात से ही रुक-रुककर बरसात का सिलसिला शुरू हुआ था। सुबह साढ़े 8 बजे के बाद करीब एक घंटे तक तेज बरसात हुई। सुबह 8 बजे तक रेवाड़ी खंड में 25 एमएम बरसात हो चुकी थी। इसके बाद औसत 40 एमएम बरसात होने का अनुमान है। हल्की बूंदाबांदी काफी देर तक चलती रही। सुबह तक धारूहेड़ा खंड में सर्वाधिक 39 एमएम बरसात हुई, जबकि मेनठी में 10, पाल्हावास में 010 डहीना में 4, बावल में 5, कोसली में 6 और नाहड़ खंड में 10.2 एमएम बरसात हो चुकी थी। इसके बाद भी बारिश का सिलसिला जारी रहने के कारण जिले में औसत 40 एमएम बरसात होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह बारिश का दौर रुक-रुककर जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं हल्की, तो कहीं तेज बरसात होने की संभावना है। वीरवार को शाम तक आसमान में गहरे बादल छाए रहने के कारण और बरसात की संभावना बनी हुई थी।

शहर के लिए आफत की बरसात

भारी बारिश का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ता है। हर साल मानूसन से पहले प्रशासन की ओर से जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के दावे किए जाते हैं, परंतु मानसून की बरसात शुरू होते ही दावों के कागज बरसात के पानी में बहते नजर आते हैं। इस बरसात ने एक बार फिर शहर में पानी ही पानी कर दिया है। बरसात के बाद अनाजमंडी, ब्रास मार्केट, सामान्य बस स्टैंड, नाईवाली चौक, मॉडल टाउन और शहर के दूसरे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। कई जगह मकानों और दुकानों में भी बरसात का पानी घुस गया। नगर परिषद कार्यालय के चारों ओर पानी भरा रहा, परंतु निकासी के काई इंतजाम नहीं किए गए। लोगों को बरसाती पानी के बीच से गुजरना पड़ा। कई जगह सड़कों पर एकत्रित पानी से लोगों को पार पहुंचाने के लिए रिक्शा व ऑटो चालकों ने अच्छी कमाई की। जलभराव की स्थिति को देखकर ही बिप्लब देब को डीसी को पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश देने पड़े।

अच्छी बरसात के बाद तापमान में आई गिरावट ने फिलहाल भारी गर्मी का असर कम कर दिया है। इससे एसी और कूलर की जगह पंखों से काम चलना शुरू हो गया है। बिजली निगम के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बिजली की खपत बरसात के बाद कम होकर 60 लाख यूनिट तक आ गई है। जून माह के दूसरे पखवाड़े में बिजली की खपत 99 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी। बारिश के दौरान बिजली की खपत कम बनी रहेगी।

नाईवाली चौक पर बने जाम के हालात

रेवाड़ी। बरसात से नाईवाली पुल पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

शहर के व्यस्ततम नाईवाली चौक पर बरसात का पानी एकत्रित होने के कारण वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। चौक पर सुबह के समय जाम जैसे हालात बने रहे। वाहनों को फ्लाईओवर पार करने के बाद बस स्टैंड और झज्जर चौक तक पहुंचने में ही काफी समय लग गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी और होमगार्ड के जवान यातायात सुचारू कराने के लिए जूझते हुए नजर आए। काफी समय लगने के कारण नौकरीपेशा लोग भी समय पर ड्यूटी नहीं पहुंच पाए।

रेवाड़ी। बरसात के पानी से गेट तक जलमग्न अनाजमंडी। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। बावल रोड पर जमा बरसात के पानी में से निकलते वाहन।

तापमान में गिरावट से मौसम ठंडा

कई इलाकों में अच्छी बरसात के कारण अधिकतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस की बड़ी गिरावट के साथ 28 डिग्री तक आ गया। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से कम होकर 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में भारी गिरावट के बाद तीन दिनों से उमस भरी गर्मी का सामान कर रहे लोगों को काफी राहत मिली। अगले तीन-चार दिनों तक तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव आने की संभावना जताई जा रही है।

किसानों के लिए राहत की बरसात

इस समय किसानों को बारिश की सर्वाधिक आवश्यकता थी। अच्छी बरसात होने के बाद किसानों के लिए बाजरे की बिजाई करने का रास्ता साफ हो गया है। कुछ किसान दो-तीन दिन से बाजरे की बिजाई में लगे हुए थे। ऐसे किसानों के बाजरे पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है। अब किसान दो-तीन दिन तक मौसम साफ रहने के बाद ही बिजाई शुरू करेंगे। बरसात से कपास की फसल को काफी फायदा पहुंचा है

कंपनी कर्मचारी के साथ मारपीट, दो पर केस दर्ज

रेवाड़ी। घर से स्कूटी लेकर कंपनी जा रहे एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल कर्मचारी को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस बयान में काठूवास निवासी अभयसिंह ने बताया कि वह निखरी में एक कंपनी में काम करता है। वह शाम को कंपनी जाने के लिए स्कूटी लेकर घर से निकला था। कंपनी के पास पहुंचने के बाद एक कार उसकी स्कूटी के आगे आकर रुक गई। उसने आरोप लगाया कि कार से उतरे दो लोगों ने उसे डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

जमीनी विवाद में परिवार पर हमला, दस पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कारोली में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के चार सदस्यों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोसली पुलिस को दर्ज बयान में सुरेंद्र ने बताया कि गत 28 जून को सतबीर के परिजनों ने उसकी ताई माया देवी के साथ झगड़ा कर दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पंचायती तौर पर सुलहनाम हो गया था। उसने आरोप लगाया कि बाद में सतबीर व उसके परिवार के 9 सदस्य ट्रैक्टर लेकर उनकी जमीन की खुदाई करने लगे। उसकी ताई ने मना किया तो इन लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके ताऊ विजय पर भी हमला कर दिया। झगड़े की आवाज सुनकर वह और उसकी मां मौके पर पहुंचे तो इन लोगों ने उन दोनों पर हमला कर दिया। बाद में सभी आरोपी धमकी देकर वहां से चले गए। उसने आरोप लगाया कि यह लोग झगडालू किस्म के हैं, जो दूसरों की जमीन पर कब्जा करने की फिराक में रहते हैं।

खेत में मिला मानसिक दिव्यांग का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तम नगर से गत 1 जुलाई को घर से लापता हुए मानसिक दिव्यांग किशोर का शव बुधवार देर सायं खेत के गड्ढे में भरे पानी में मिला। परिजनों ने उसका अपहरण करने के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। मुकेश शर्मा का साढ़े 17 वर्षीय बेटा साहिल मानसिक रूप से 75 फीसदी दिव्यांग था। वह शहर के स्पेशल स्कूल में पढ़ता था। 1 जून को उसका पिता मुकेश अपनी ड्यूटी पर चला गया। मुकेश की पत्नी बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए गई थी। पीछे से साहिल घर से लापता हो गया। मुकेश की पत्नी ने काफी तलाश करने के बाद मुकेश को साहिल के लापता होने की सूचना दी। इसके बाद मुकेश ने घर आकर उसकी तलाश शुरू की। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में साहिल कॉलोनी की एक गली की ओर जाता दिखाई दिया। मुकेश ने उसकी काफी तलाश करने के बाद मॉडल टाउन थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद भी मुकेश आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अपने बेटे की तलाश करता रहा, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका।

साहिल का फाईल फोटो

पड़ोसी ने दी शव की सूचना

बुधवार शाम को मुकेश के पड़ोसी ने सूचना दी कि कॉलोनी से कुछ दूरी पर खेतों में बने गड्ढे में शव पड़ा हुआ है। मुकेश सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव पानी में फूला हुआ था तथा बॉडी गल चुकी थी। शव को बाहर निकालने के बाद मुकेश ने उसकी शिनाख्त अपने बेटे के रूप कर दी।

किडनैप व हत्या की आशंका

पुलिस बयान में मुकेश ने आरोप लगाया कि उसके बेटे का अपहरण करने के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। स्पेशल स्कूल के प्रबंधक हरीश ने साहिल की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस ने मामले की उचित जांच करने की मांग की है।

राजीव आहूजा को मिला भाजपा रेवाड़ी मंडल उपाध्यक्ष का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजीव आहूजा को रेवाड़ी मंडल उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। वीरवार को बजाजा बाजार में मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुनील ग्रोवर जिला उपाध्यक्ष, सत्यदेव यादव जिला महामंत्री, एडवोकेट यशवंत भारद्वाज, संजय चौहान महामंत्री एवं राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के हरियाणा प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष मंगला ने पटका पहनाकर राजीव आहूजा को मंडल उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। जिला महामंत्री ने पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस मौके पर पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन से प्रधान विनोद अरोड़ा, उपप्रधान लव खरबंदा, दलीप कालड़ा, काठमंडी प्रधान राजेश दत्त शर्मा, विकास गुप्ता, गोकल बाजार प्रधान श्याम दुआ, भाविप प्रधान दिनेश सैनी, संरक्षक रमेश, सचिव हुकम प्रजापत, कैशियर राम किशोर सैनी, नितिन गोयल, बीरबल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गोविन्द, तरुण, दीपक सहगल, मोना भाई, संदीप आहूजा, सुनील, अंकित, आदि रहे।

रेवाड़ी। राजीव आहूजा का स्वागत करते दीपक मंगला। फोटो : हरिभूमि

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा समारोह को लेकर बैठक का आयोजन

7 को निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा समारोह की तैयारियों को लेकर बारा हजारी वृंदावन चौक स्थित मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जगन्नाथ मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी टेकचंद गौड, अशोक मुदगिल, पवन सिंघल भट्टे वाले, बलवंत कौशिक, राजेश शर्मा, मोनू कोटिया व यात्रा संचालक रमेश वशिष्ठ उपस्थित थे। बैठक में महोत्सव के रथ की सजावट व मनमोहक झांकियों सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। स्वामी टेकचंद ने बताया कि भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं भी होंगी। स्वामी ने बताया 7 जुलाई 1878 में यात्रा के संचालन के लिए लाइसेंस बना था। तब से हर वर्ष यात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में बैंड, गोपाल वर्मा एंड पार्टी, शहनाई राया-मथुरा, नागिन बैंड कोटकासिम व खैरथल से शहनाई रहेगी। स्वामी ने बताया कि 5 जुलाई को रात्रि 9 बजे मंदिर में जागरण होगा। गायक कलाकार पंडित त्रिलोक चंद रामायणी, विजय त्यागी, संजय शर्मा गोकलगढ़, मुरारी सोनी रेवाड़ी, गोपाल वर्मा, मानवी भारद्वाज, हरीओम सैनी, ललित सैनी व नितेश शर्मा भगवान श्रीजगन्नाथ की महिमा का गुणगान करेंगे। 6 जुलाई को मंदिर में श्रीलाडली संकीर्तन मंडल की ओर से शाम 4 बजे से महिला संगीत का आयोजन किया जाएगा।

रथयात्रा के संचालक रमेश वशिष्ठ ने बताया कि भगवान रथयात्रा समारोह में मुख्य अतिथि पीपीपी स्टेट कोऑडीनेटर डा. सतीश खोला, विशेष आमंत्रित में सूरजभान सैनी, मुख्य सारथी मुकेश अग्रवाल भट्ठेवाले और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अमित यादव रहेंगे। रथयात्रा वृंदावन चौक से शुरू होकर पुरानी अनाज मंडी, भाड़ावास गेट, सैनी चौपाल व अग्रसेन चौक होते होते हुए दोपहर को 12 बजे नई अनाज मंडी के स्थित शिव मंदिर में पहुंचेगी। जहां पर व्यापारियों की ओर से भगवान की विशेष आरती व पूजन किया जाएगा। उसके बाद रथयात्रा 2:30 बजे शिव मंदिर से रवाना होकर ब्रास मार्केट, हनुमान मंदिर बड़ा तालाब, गुर्जरवाड़ा, नया बाजार, बावल चौक, बस अड्डा, माता चौक, रावलीहाट, वैधवाड़ा, गोकलगेट, रेलवे चौक, घंटेश्वर महादेव मंदिर व गुड़ बाजार होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचेगी।

रेवाड़ी। जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्पेशलः वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

यमी चॉकलेट बड़ी टेस्टी है कहानी

बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

अनोखा चॉकलेट म्यूजियम

बच्चों, न्यूयॉर्क (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने की दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स

फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदीः वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

चॉकलेट इंटीरियर वाला घरः वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

सबसे बड़ी चॉकलेटः ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।

चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।

दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिदुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवेंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती है।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेकट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िए से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?

बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-110 का उत्तर : 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले : मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

हंसगुल्ले

नव्या : तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
नैंसी : क्योंकि इसके दो फायदे हैं।
नव्या : क्या फायदे हैं?
नैंसी : साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।

-खुशबू, रायपुर

सोनू : पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
मोनू : क्यों?
सोनू : मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।

-प्रियांश, रोहतक

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?

-आर्यन, दुर्ग

कैसे होती है रिमझिम बारिश

इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।

नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा

बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर : 1.लड़की के बाल में लगे फूल की पंखुड़ी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी हथेली के पीछे दिख रहे धागे अलग हैं। 3.लड़की के फ्रॉक के बिलकुल किनारे पर दो पीली धारियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक कलरा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ फूल वाला एक पौधा कम है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी किनारे में एक बिंदु कम है।

सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?

उत्तर: S-2, M-3, R-1

गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?

उत्तर-12

खबर संक्षेप

नंदरामपुर बास रोड का धीमा कार्य बना परेशानी

धारूहेड़ा। धारूहेड़ा से औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा को जाने वाले नंदरामपुर बास रोड की हालत दयनीय हो गई है। मार्ग पर पिछले कई दिनों से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। धीमी गति से चलते कारण के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बरसात ने सड़क की ओर भी हालत बिगाड़ दी है। गांव अलावलपुर, ततारपुर, भटसाना व नंदरामपुर बास के ग्रामीणों ने बताया कि 5 किलोमीटर लंबे नंदरामपुर बास रोड पर पिछले कई दिनों से काम चल रहा है।

लूट करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सीआईए इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने करीब छह साल पहले दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर चालक और उसके साथी को बंधक बनाकर कंपनी के साढ़े 4 करोड़ रुपए लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी मोहम्मद यूनस उर्फ भूरा के रूप में हुई है। गुजरात के जिला मेहसाना के ऊंजा निवासी करण पटेल 20 सितंबर 2018 की रात को अपने साथी गजेंद्र राठौर के साथ कंपनी की गाड़ी से दिल्ली से अहमदाबाद जा रहा था। धारूहेड़ा के पास कुछ लोगो ने उन्हें बंधक बनाकर उनकी गाड़ी व कंपनी के साढ़े 4 करोड़ रुपए लूट लिए है।

समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता

रेवाड़ी। जिलावासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला व खंड स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के प्रति नागरिकों का सरकार व जिला प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर एडीसी अनुपमा अंजलि भी मौजूद थी। डीसी व एडीसी ने समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल व स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनीं। वीरवार को वृद्धावस्था सम्मान पेंशन के लिए आए बुजुर्ग की मौके पर ही पेंशन बनाई गई।

वन विभाग की ओर से संस्थाओं व ग्रामीणों को दिए जा रहे पौधे

मानसून में हरियाली की तैयारी शुरू, नाहड़ रेंज में सवा लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

32 हजार पौधे दिए जाएंगे फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

रेवाड़ी। नाहड़ नर्सरी में तैयार किए गए पौधे व ग्रामीणों को पौधे वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मानसून का सीजन पूरी तरह शुरू हो चुका है। चारों ओर हरियाली भी नजर आने लगी है। ऐसे में वन विभाग की ओर से भी बरसात के मौसम में पौधे लगाने व वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। वन विभाग की नाहड़ रेंज नर्सरियों में विभिन्न प्रकार के पौधे तैयार किए गए हैं, जिनको अनेक स्कीमों के तहत वितरित किया जा रहा है। वीरवार को पहले ही दिन रेंज ऑफिस की ओर से विभिन्न संस्थाओं और ग्रामीणों को हजारों पौधे वितरित किए गए। रेंज के आरएफओ अभय सिंह यादव ने बताया कि नाहड़ रेंज के अंतर्गत नाहड़, कोसली तथा जाटूसाना तीनों ब्लॉकों की नर्सरियों में विभिन्न प्रजाति के पौधे तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के टारगेट अनुसार इस बार नर्सरियों में 125352 पौधे तैयार किए हैं, जिनमें नीम, कजलिया, चांदनी, जामुन, मोगरा, गुलाबी तून, शीशम, अमरुद, नींबू ,चकरेशिया, पापड़ी, एलिस्टोनिया, अर्जुन, बकान, बहेड़ा, आम, इमली, कदम, कट सागवान, गुलमोहर, कचनार, केसिया, गलूका, आंवला, बेलपत्र, पीपल, जकरंडा, सिरस व अमलतास प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।

विभाग का यहां पौधे लगाने का लक्ष्य: आरएफओ ने बताया कि विभाग की ओर रेंज में 40352 पौधे लगाने का लक्ष्य है। यह पौधे नाहड़ रोड़, सरकारी संस्थानों व पंचायत भूमि पर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पौधगिरी स्कीम के अंतर्गत पौधे लगाए जाएंगे। पौधगिरी स्कीम में 15000 पौधे लगाए जाएंगे।

जल शक्ति अभियान के तहत 13000 पौधे तथा फ्री स्कीम के तहत 32000 पौधे आमजन, सरकारी संस्थानों व पंचायत को दिए जाएंगे। इसके अलावा मनरेगा स्कीम के तहत 25000 पौधे वितरित किए जाएंगे।

हर व्यक्ति पौधा लगाकर संरक्षण करे: डीएफओ

जिलावासी मानसून सीजन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लें। इस सीजन में जिले में 2,20,000 पौधे वितरित किए जाएंगे, जिसमे 117000 पौधे फ्री दिए जाएंगे। नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर पौधों के बड़े होने तक देखभाल करें।

-दीपक प्रभाकर पाटिल, डीएफओ

प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए: आरएफओ

वन राजिक अधिकारी अभयसिंह यादव ने कहा कि मानसून की

शुरूआत हो चुकी है। नसरियों से विभिन्न प्रकार के पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पौधे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सीजन में हर व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं। लोग पौधे लगाने तथा फोटो खिंचवाने तक ही सीमित न रहें। पौधों के बड़े होने तक उनका संरक्षण करें तभी पौधा लगाना सार्थक होगा तथा पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा मिलेगा। वन दरोगा ईश्वर सिंह, वन रक्षक सुरेश सेन व योगेश ने भी लोगों को जागरूक किया।

नाहड़ से आज होगा नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नीति आयोग की ओर से देश में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे खंड नाहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य भवन से संपूर्णता अभियान का आगाज होगा। अभियान का समापन 30 सितंबर को होगा। एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि संपूर्णता अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा के सूचकांकों को शत प्रतिशत प्राप्त करना है। स्वास्थ्य एवं पोषण के सूचकांकों का सैचुरेशन प्वाइंट तक पाने का मकसद मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ पोषण के विभिन्न स्तरों को भी सैचुरेशन प्वाइंट तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रत्येक महीने माइक्रो प्लान बनाया जाएगा, जिसके संचालन में जनप्रतिनिधि, फ्रंटलाइन वर्कर, कम्युनिटी लीडर, लोकल आइकॉन, छात्र एवं अन्य लोगों का सहयोग लिया जाएगा। एडीसी ने कहा कि अभियान में स्वास्थ्य के जो मुद्दे होंगे, जिनमें गर्भवतियों का खास ध्यान रखा गया है। गर्भवतियों के मुद्दों में गर्भ के प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच की सुनिश्चितता शामिल है। साथ ही गर्भकाल के दौरान अनुपूरक पोषण लेने वाली महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि करने के लक्ष्य के साथ संपूर्ण जनसंख्या के अनुपात में रक्तचाप व शुगर की स्क्रीनिंग के प्रतिशत में वृद्धि करने का भी लक्ष्य है। इन सभी को तीन महीने के एक्शन प्लान के साथ पखवाड़े आयोजित कर पूरा किया जाना है।

छह चिन्हित केपीआई पर रहेगा फोकस

पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत तथा ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूहों के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत जांचा जाएगा।

आईजीयू में विभिन्न कोर्सों की प्रवेश परीक्षाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। आईजीयू में प्रवेश परीक्षा देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए वीरवार से परीक्षाएं शुरू हो गई। सुबह एलएलबी एवं प्रबंधन विभाग की प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव, कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलपति ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं छात्र कल्याण विभाग की तरफ से हेल्प डेस्क भी लगाया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने बताया कि 5 जुलाई को एमकॉम, राजनीति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित विभाग में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। गणित विभाग की प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे राव तुलाराम ब्लॉक, राजनीति विज्ञान 11:45 बजे, भौतिक विज्ञान दोपहर 1:30 बजे एवं एमकॉम में प्रवेश के लिए परीक्षा दोपहर 3:15 बजे आयोजित की जाएगी। सभी आवेदक अपने आवेदन फॉर्म की प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ विभाग में 8 जुलाई तक जमा करा सकते हैं।

एसडीएम ने सरकारी विद्यालयों का किया निरीक्षण

- एसडीएम बोले स्कूलों में व्यवस्था बनाकर रखें मुखिया, अन्यथा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

रेवाड़ी। स्कूल में हाजरी रजिस्टर चैक करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वीरवार को एसडीएम कोसली उदय सिंह ने गांव गुगोढ, कान्हड़वास व नांगल पठानी के राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यालय मुखियाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम में सभी विद्यालय मुखिया विद्यालय भवन की छतों पर जलभराव का विशेष ध्यान रखें और विद्यालय में नियमित रूप से साफ सफाई अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का राजकीय विद्यालयों के शिक्षा के स्तर को सुधारने पर विशेष फोकस है। साथ ही विद्यालयों में अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। स्कूलों के मैदान, शौचालय की सफाई, पीने के पानी व छात्रों की सुरक्षा व सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय प्रमुख इन व्यवस्थाओं को बनाकर रखते हैं या नहीं, इसकों लेकर समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। यदि किसी भी स्कूल में अव्यवस्था का आलम मिला तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय का स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, अध्यापन की स्थिति, टाइम टेबल के आधार पर पीरियड का संचालन, समय सारणी, अध्यापक डायरी, सफाई व्यवस्था, प्रार्थना सभा, वार्षिक परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयास, लाइब्रेरी, विज्ञान कक्ष, खेल के मैदान की व्यवस्था व मिड-डेमील का निरीक्षण किया।

पंचायत विभाग ग्राम पंचायतों से बेहतर तालमेल बैठाकर विकास कार्य पूरा करे: लक्ष्मण

रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास को लेकर सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। सरकार ने सरपंचों व ग्राम पंचायतों की शक्तियां बढ़ाकर नायाब तोहफा दिया है। पंचायत विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायतों से बेहतर तालमेल बैठाकर विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। विकास को लेकर सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पंचायत अधिकारियों से वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों को लेकर योजनाओं की जानकारी भी ली।

विवि की टॉप सूची में छाई गर्ल्स कॉलेज की आठ छात्राएं, हिमांशी रही अव्वल

रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की बीसीए विभाग की छात्राओं ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज की आठ छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। द्वितीय सेमेस्टर की पांच छात्राओ, चतुर्थ सेमेस्टर की दो छात्राओं तथा छठे सेमेस्टर की एक छात्रा ने विवि की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज कराया है। कॉलेज प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने इस उपलब्धि के लिए छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने बीसीए विभाग के स्टाफ सदस्य डा. प्रीति यादव, अमित कुमार, रीना यादव व सरला को बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डा. नरेश कुमार, हॉस्टल वार्डन डा. सुनीता व डा. राजेश कुमारी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इन छात्राओं ने पाया मेधा सूचि में स्थान: बीसीए सैकेंड सेमेस्टर में दीपिका ने टॉप-10 सूचि में दूसरा स्थान, दीया ने चौथा स्थान, राखी ने छठा स्थान, मुस्कान ने सातवां स्थान व आरती ने दसवां स्थान, बीसीए चौथे सेमेस्टर में दिव्या ने दूसरा व प्रिया ने आठवां तथा बीसीए छठें सेमेस्टर में छात्रा हिमांशी ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

रेवाड़ी। छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्या व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

भजन पार्टी कलाकारों ने आमजन को लोकशैली में दी योजनाओं की जानकारी

- ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते भजन पार्टी कलाकार। फोटो : हरिभूमि

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन की ओर से विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की भजन पार्टी ने वीरवार को एलबीपी दीपक कुमार के नेतृत्व में खंड बावल के गांव मोहनपुर तथा सूचीबद्ध भजन पार्टी संदीप कुमार एंड पार्टी, हरिशचंद्र एंड पार्टी, श्यामलाल एंड पार्टी, देशराज एंड पार्टी व राज सिंह एंड पार्टी ने रेवाड़ी खंड के गांव नया गांव, नाहड़ खंड के गांव बिसोहा, जाटूसाना खंड के गांव कन्हौरा, डहीना खंड के गांव राजियाकी तथा धारूहेड़ा खंड के गांव नंदरामपपुर बास में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे में जागरूक किया। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि जिलेभर में विशेष प्रचार अभियान में विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए दस्तक दे रही हैं। भजन पार्टियां अपनी गीत व संगीतमयी मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रचार अभियान का उद्देश्य आमजन को सरकार की विकासात्मक नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों के साथ-साथ लोकप्रिय योजनाओं बारे लोक गायन शैली के माध्यम से जागरूक करना है।

भजन पार्टी की ओर से शुक्रवार को गांव राजगढ़, गंगायचा जाट, लुखी, गुरावड़ा, पुंसिका व खरखड़ा में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

रेवाड़ी। लोगों को साइबर अपराध की जानकारी देते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

मजबूत पासवर्ड लगाकर सोशल मीडिया के खातों को सुरक्षित रखें नागरिक: सुरेश

रेवाड़ी। साइबर थाना निरीक्षक सुरेश चन्द ने बुधवार को टीम के साथ रेजांगला पार्क में पुलिस की पाठशाला लगाकर आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया। साइबर टीम ने लोगों को साइबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी। साइबर इंचार्ज ने बताया कि आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे-बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग व सोशल मीडिया पर अपना कारोबार घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है, जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं। साइबर अपराधी इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पहुंचा देते हैं। उन्होंने बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए।

कार्यक्रम में गांवों के सरपंच, इलाके के मौजिज व्यक्ति व युवा जानकारी ले रहे हैं

तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। लोगों को नए कानूनों की जानकारी देते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की ओर से आमजन को तीन नए कानूनों की जानकारी देने के लिए प्रत्येक थाने व चौकी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रबंधक थाना व चौकी इंचार्ज आमजन को तीन नए कानूनों बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे है। कार्यक्रम में गांवों के सरपंच, इलाके के मौजिज व्यक्ति व युवा मौजूद जानकारी ले रहे है।

एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि एक जुलाई से देश में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता यानि बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानि बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानि बीएसए लागू हो गए हैं। नए कानूनों बारे सभी अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है और जिला पुलिस इसके तहत कार्यवाही करने के लिए तैयार है।

नए कानूनों के कुछ मुख्य बिंदु: बीएनएस में आईपीसी की ज्यादातर धाराओं को शामिल किया गया। भारतीय न्याय संहितामें कम्युनिटी सर्विस को सजा के तौर पर शामिल किया गया है। राजद्रोह के स्थान पर भारत की संप्रभुता, अखंडता व एकता को खतरे में डालना को शामिल किया गया है। किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के द्वारा हिंसा की धमकी हिंसा का उपयोग या किसी अन्य गैर-कानूनी तरीके से अपराध करने को संगठित अपराध करने की श्रेणी में लिया गया है, जिसके लिए बीएनएस की धारा 111 में सजा का प्रावधान है। आर्थिक अपराधों को भी इस श्रेणी में शामिल किया गया है। किसी अपराध को करने के लिए बच्चों को काम में लगाना को भारतीय न्याय संहिता की धारा 95 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। भारत में अपराध के लिए भारत के बाहर किसी को बहकाना या उकसाना को भारतीय न्याय संहिता की धारा 48 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। किसी महिला की निजी तस्वीरें बिना महिला की इजाजत के खींचना व देखना भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 के अंतर्गत, किसी महिला का पीछा करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। बलपूर्वक तथा हिंसा करते हुए दंगे करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। इसी प्रकार सीआरपीसी में 484 धाराएं थी, वहीं अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं, पूर्व में प्रथम सूचना रिपोर्ट सीआरपीसी की धारा 154 के तहत अंकित की जाती थी, जोकि अब बीएनएसएस की धारा 173 के तहत अंकित की जाएगी। बीएनएसएस की धारा 105 के तहत अनुसंधान के दौरान बरामदगी के समय वीडियोग्राफी की जानी आवश्यक होगी। वही बीएनएसएस की धारा 176 (3) के तहत 7 साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण अनिवार्य होगा। नए प्रावधान बीएनएसएस के अनुसार अब कोई भी बलात्कार पीड़ित अपने ब्यान मोबाइल फोन सहित किसी भी अन्य ऑडियो या विडियो इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से भी अंकित करा सकती है।

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की कृषि योग्य भूमि (12 किला 6 कनाल 1 मरला और कॉलेज के पीछे की जमीन) को पट्टे पर देने हेतु दिनांक 06.07.2024 को सुबह 10:00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में बोली लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त दिनांक एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हो।

नोटः- नियम एवं शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- प्राचार्या
रा. महा. नाहड़

खबर संक्षेप

पिता-पुत्र पर हमला, महिला सहित चार नामजद

नाहड़। नेहरूगढ़ में घर के बाहर बैठे पिता-पुत्र पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही महिला सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस बयान में विजय कुमार ने बताया कि वह और उसका बेटा योगेश घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक कार उनके पास आकर रुकी। कार से धर्मसिंह, उसकी पत्नी आदेश, विक्रम और केशव उतरे। इन लोगों ने दोनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके लड़के योगेश ने वहां से भागकर जाना बचाते हुए पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पैदल जा रहे युवक पर पर किया हमला

कुंड। बासदुधा नहर के रास्ते अपने गांव पैदल जा रहे युवक पर उसी के गांव के एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। राजस्थान के हुड़िया खुर्द निवासी रतनलाल ने पुलिस बयान में बताया कि वह नहर के रास्ते पैदल अपने गांव जा रहा था। बासदुधा के पास उसी के गांव के शक्ति ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट के बाद वह धमकी देकर फरार हो गया। वह किसी से अपने ट्यूबवेल पर पहुंचा, जहां से परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने उसके बयान पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

श्रीकृष्ण भवन में फ्री जांच कैंप 7 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 7 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ विक्रम यादव मेडिसिन, डॉ आर बी यादव हड्डीरोग, डॉ गौरव यादव सर्जरी, डॉ सर्वेश यादव नेत्ररोग, डॉ अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डॉ अजीत यादव बालरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

स्वामी विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि

रेवाड़ी। स्वामी विवेकानंद की 122वीं पुण्यतिथि पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष वेदप्रकाश विद्रोही ने अपने कार्यालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। विद्रोही ने कहा कि अमेरिका व यूरोप में भारतीय सभ्यता-संस्कृति, वेद, उपनिषद का प्रचार-प्रसार करने में स्वामी विवेकानंद जी का विशेष योगदान रहा। अपने 39 साल के छोटे से जीवनकाल में न केवल उन्होंने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति व सभ्यता का अमूल्य ज्ञान दिया अपितु पूरे भारत को भी अपनी विद्धता से प्रभावित किया।

कार्यक्रम के लिए 15 तक कर सकते है आवेदन

रेवाड़ी। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम नूपुर के ऑडिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में केवल हरियाणा मूल के युवा व उभरते कलाकार जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो, वही भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय कत्थक नृत्य तथा भरतनाट्यम ऑडिशन में भाग लेने के लिए कोई यात्रा व दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। आवेदक आवेदन करते समय नाम, विधा, आयु, जन्म तिथि, स्थान, पिता का नाम, मोबाइल नंबर व ई-मेल सहित भेज सकते है। आवेदन के लिए मूल दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ, कैंसल चैक, पैन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो तथा उनकी प्रतियां साथ लेकर जाए। ऑडिशन में चयनित कलाकार ही अंतिम कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे।

पानी लीकेज होने से कमजोर हुई नींव से दुकान झुकी, नप अधिकारियों ने दौरा किया

दुकान गिरने की आशंका से पंजाबी मार्केट का रास्ता रोका, 80 के करीब दुकानें बंद

रेवाड़ी। दुकान झुकने पर बंद किया गया पंजाबी मार्केट, पंजाबी मार्केट की गली के बाहर बैठे दुकानदार तथा गोकल गेट चौकी इंचार्ज से बात करते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पंजाबी मार्केट में एक तरफ झुकी दुकान के गिरने की आशंका को लेकर प्रशासन की ओर से बेरिकेडिंग करके मार्केट के रास्ते को चार तरफ से बंद कर दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से मार्केट की चार गलियों पर बेरिकेडिंग करके सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए है।

झुकी हुई दुकान की गली में करीब 5 दिन तक यही स्थिति रहने की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को नगर परिषद ईओ संदीप मलिक के आदेश पर बीआई नवल किशोर ने मौके का जायजा लिया। इसके बाद दुकान मालिकों को नगर परिषद में बुलाया गया।

बाजार के बंद होने से वीरवार को 80 के करीब दुकानदारों की दुकानें पूर्णतया बंद रही। दुकानदारों ने गोकल गेट चौकी इंचार्ज नरेश कुमार से दुकानें खोलने के लिए गुजारिश की, लेकिन लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से कोई ढील नहीं दी गई। नगर परिषद ईओ संदीप मलिक ने दुकानदार को 24 घंटे में दुकान खाली करने के निर्देश भी दिए थे।

गत दिवस झुक गया था दुकान का भवन

शहर के भीड़भाड़ भरे पंजाबी मार्केट में गत दिवस दो मंजिला भवन जगह छोड़कर अपनी जगह से खिसक गया था। दुकान के खिसकने से आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। बिल्डिंग के एक तरफ झुकने से साइड में 4 से 5 इंच का गेप आ गया है। भवन के झुकने का कारण पेयजल की पाइप लाइन व सीवर लाइन का लीकेज होना बताया जा रहा है। दुकानदार ओमप्रकाश तनेजा की दुकान का हिस्सा ज्यादा झुका हुआ है। तनेजा की ओर से पानी लीकेज को लेकर पहले भी प्रशासन को शिकायत दी गई थी। बिल्डिंग के एक तरफ झुकने के बाद गत दिवस पब्लिक हेल्थ के जेई नवीन कुमार ने मौके पर पेयजल व सीवर लाइन को चैक कराकर दुरुस्त भी कराया, लेकिन भवन के जगह छोड़ने के कारण हादसा होने की आशंक के चलते वीरवार को दुकान वाली बाजारी की गली को सील कर दिया गया।

दुकान बंद करके घूमते रहे दुकानदार

वीरवार को जब दुकानदार सुबह के समय अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उनको बाजार में बेरिकेडिंग होने के साथ पुलिसकर्मी तैनात मिले। कुछ समय बाद सभी दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंच गए, लेकिन बेरिकेडिंग के कारण किसी को बाजार में जाने की एंट्री नहीं मिली। दुकानदारों ने काफी देर तक पुलिसकर्मियों से गुजारिश की, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अपने निर्णय पर अडिग रही। दुकानें न खोल पाने की वजह से एक तरफ जहां उनका धंधा चौपट रहा वहीं दूसरी ओर बाजार की गली के बाहर परेशान नजर आए। दुकानदार शाम तक दुकान खुलने की आस में बाजार के ईद-गिर्द ही घूमते नजर आए।

रेवाड़ी। बेरिकेट के पास जमा दुकानदार व तैनात पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

जल्द निकलेगा समस्या का हल

लोगों की सुरक्षा को लेकर पंजाबी मार्केट में बेरिकेडिंग करके दुकान खाली करने के निर्देश दिए है तथा सुरक्षा के लिए दुकानदारों व लोगों से दुकान के पास न जाने की अपील की है। दुकान के मालिक के साथ बात की जा रही है। जल्द ही समाधान निकालकर समस्या का हल किया जाएगा। - **संदीप मलिक,** ईओ, नगर परिषद।

रेवाड़ी। डीएसपी को पौधा भेंट करते सीएलजी कमेटी के सदस्य।

जिला सीएलजी कमेटी पुलिस का एक अभिन्न अंगः श्योराण

बावल। सीएलजी कमेटी के सदस्यों ने वीरवार को कमेटी के नोडल अधिकारी डीएसपी सुरेंद्र श्योराण से बावल कार्यालय में मुलाकात की। सीएलजी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील भार्गव, भूपेंद्र गुप्ता नगर पार्षद, चेयरमैन प्रवीण भारद्वाज, राजेंद्र सिंघल नगर पार्षद, प्रेमनाथ गेरा व डा. विकास भारद्वाज ने नव नियुक्त डीएसपी श्योराण का पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त करने, पा रि वा रि क झगड़ों को सुलझाने एवं नशे की गिरफ्त से नौजवानों को बचाने लिए सीएलजी कमेटी के सदस्यों का अहम योगदान रहता है, जिस जिले में सीएलजी कमेटी एक्टिव होती है, वहां अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस को बड़ी सहायता प्राप्त होती है, जिस प्रकार पुलिस सीएलजी कमेटी का सहयोग पुलिस को मिलता रहता है। जिला सीएलजी कमेटी पुलिस का एक अभिन्न अंग है, जोकि समाज के बीच रहकर अपराध पर पुलिस की तीसरी आंख बनने का काम करती है। डीएसपी ने सभी सदस्यों का स्वागत के लिए धन्यवाद किया।

- अपराधों पर रोकथाम के लिए सीएलजी कमेटी का एक्टिव होना जरूरी

जादूगर सम्राट शंकर के मैजिक शो का आगाज

- डीसी राहुल हुड्डा बोले जादू भारत की एक अद्भुत कला, इसे जीवंत रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति रुचि के विधा को देखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। मैजिक-शो का शुभारंभ करते डीसी राहुल हुड्डा तथा मैजिक-शो में पॉलीथिन का उपयोग ने करने का संदेश देते जादूगर।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को बाल भवन सभागार में विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर के मैजिक-शो का आगाज किया गया। मैजिक-शो 7 जुलाई तक दो शो में निःशुल्क चलेगा। डीसी राहुल हुड्डा ने दीप प्रज्ज्वलन करके मैजिक शो का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व डीसीडब्लूओ वीरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर डीसी हुड्डा ने कहा कि आधुनिक युग में विभिन्न मंचों पर मनोरंजन के साधन लोगों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन परिवार संग मैजिक शो देखना एक अलग ही आनंद की अनुभूति देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे अधिक से अधिक गैजेट्स का प्रयोग कर रहे हैं, जिनका उनके जीवन पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि बच्चों को इन गैजेट्स के दुष्प्रभावों से बचाने व जादुई कलाओं से जुड़ी हमारी समृद्ध संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इस प्रकार के मनोरंजन आयोजनों से अवगत कराया जाए। डीसी ने कहा कि जादू भारत की एक अद्भुत कला है, इसे जीवंत रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को रुचि के साथ इस विधा को देखना चाहिए। सरकार की ओर से भी जादू कला के संरक्षण एवं उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

सम्मोहन और विज्ञान का खेल है जादूः सम्राट शंकर

जादूगर सम्राट शंकर ने कहा कि मैजिक शो में हाथ की सफाई और स्वस्थ मनोरंजन का बेहतरीन समागम होता है। उन्होंने कहा कि जादू सम्मोहन और विज्ञान का खेल है। उन्होंने बताया कि इस कला को अपनाने का उनका संकल्प दुनिया के अंदर अपनी अलग पहचान बनाना व देश का नाम रोशन करना है। मैजिक कोई अंधविश्वास-छू-मंतर व जादू-टोना का खेल नहीं अपितु विशुद्ध मनोरंजन का माध्यम है। इस कला के जरिए हम समाज को सामाजिक संदेश देते हैं ताकि लोग किसी भी प्रकार के भ्रम में ना उलझें और इस कला का भरपूर आनंद लें सकें। शो के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, जल बचाओ अभियान, तिरंगे का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया।

ऑप्रेशन ब्लू स्टार के शहीद सूबेदार होशियार सिंह को किया याद

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

रेवाड़ी। शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव बटोड़ी में वीरवार को ऑप्रेशन ब्लू स्टार 1984 के शहीद सूबेदार होशियार सिंह यादव की 40वीं पुण्यतिथि शहीद समारक पर भूतपूर्व सैनिकों, शिक्षाविद व गणमान्य लोगों ने पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद सूबेदार होशियार सिंह स्मृति मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद वीरांगना चन्द्रकला देवी ने की। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद स्कूल के निदेशक व समाजसेवी नरेश यादव ने कहा कि जब खालीस्तान समर्थकों व आंतकवादियों की ओर से पंजाब में फैलाया गया उग्रवाद चरम पर था, उस समय शहीद होशियार सिंह ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए आंतकवादियों के छक्के छुड़ा दिए। राष्ट्रभक्ति ही उनके लिए सर्वोपरि थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह शहीद ने अपने देश की अस्मिता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वैसे ही उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके पुत्र अनिल यादव भूतपूर्व सैनिक कल्याण कार्य व सामाजिक कार्यों की ओर अग्रसर रहते है। इस अवसर पर सरपंच उंगता देवी, शिक्षाविद कृष्णा यादव, शहीद की पुत्रवधू सुदेश देवी, पुत्र नितिन यादव, नेहा यादव, प्रवक्ता पूनम यादव कप्तान कृष्णा सिंह हेडमास्टर, बलवंत सिंह, सूबेदार रणजीत सिंह, हेड मास्टर शिवचंद, रामनिवास, राम अवतार, जगराम, मनोज, विक्रम व डा. ब्रह्मानंद सहित मंच के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

जिले ने ताइक्वांडों में 24 मेडल जीते, किया सम्मानित

रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता कोच के साथ।

रेवाड़ी। उत्तर प्रदेश लखनऊ के केडी बाबू स्टेडियम में 41वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रेवाड़ी जिले के 31 खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य की ओर से खेलते हुए 24 पदक प्राप्त किए है। खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर व 18 कांस्य पदक हासिल किए। टीम के जिले में पहुंचने पर जिला ताइक्वांडों एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सिंह एडवोकेट, सरंक्षक रिटायर्ड डीईओ धर्मवीर बल्डोदिया, वाईस चेयरमैन सत्यपाल धूपिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रुति शर्मा, पूर्व जिला पार्षद अजय पटौदा, टीम मैनेजर, चन्द्रकला गोदारा, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, शिवचरण यादव, देशराज शर्मा, प्रशिक्षक दीपचन्द यादव व उपाध्यक्ष चांद सिंह यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया। प्रतियोगिता में यशिका सैनी व विवेक ने गोल्ड, अक्षय तोमर, तमन्ना, प्रियंका व वर्षा ने सिल्वर मेडल जीता है। इसके अलावा हिमांशु, तुषार, चिराग, देव, गौरव, प्रशान्त, मयंक, युवेन सैनी, चेष्ठा, सुहाना, वंशिका, दिव्या, अंशु, प्रिया, अर्चना, नेहा, ज्योति व नेहा सैनी ने कांस्य पदक हासिल किया।

आरडीएस कॉलेज में एमए इतिहास की मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

रेवाड़ी। कॉलेज में आई टीम के साथ प्राचार्य व स्टाफ।

उच्चतर शिक्षा निदेशालय एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर से कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में नए सत्र से एमए इतिहास कोर्स शुरू करने की अनुमति मिल गई है। प्राचार्य डा.दलबीर सिंह यादव ने बताया कि कॉलेज में पहले से ही एमए हिन्दी, एमए राजनीतिक विज्ञान एवं एम कॉम के कोर्स संचालित है। आईजीयू की टीम ने गत दिवस कॉलेज का निरीक्षण किया। टीम में आईजीयू से संयोजक प्रो.मंजू परुथी व डा. मुकेश कुमार, प्रो. कुलदीप सिंह एमडीय रोहतक व डा. कमलेश केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ थे। रजिस्टार डा. सुनिता यादव ने निरीक्षण टीम को कॉलेज की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की एडमिशन नोडल ऑफिसर मिथलेश यादव ने बताया कि स्नातकोतर में फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फार्म भरने की तिथि 12 जुलाई से 25 जुलाई तक रहेगी तथा पहली मेरिट सूचि 30 जुलाई को जारी होगी।

पार्टी की टिकट के दावेदारों की फेहरिस्त लंबी, दोनों खेमों के स्वीकार्य चेहरे पर किया जा सकता है विचार

गुटबाजी खत्म करने को बीच का रास्ता, नए चेहरे को उतार सकती है भाजपा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

विधानसभा चुनाव करीब आते ही भाजपा में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट के दावेदारों की सूची इस बार पहले से लंबी हो चुकी है। टिकट को लेकर घमासान की पूरी संभावनाएं अभी से नजर आने लगी हैं। प्रदेश सह प्रभारी बिप्लब देब के आगमन पर अकेले इसी हलके में टिकट के 9 दावेदार मौजूद थे। इनमें नए व पुराने धुरंधर तक शामिल थे। बिप्लब देब के समक्ष जब गत विधानसभा चुनावों में टिकट फाइनल होने के बाद हुई बगावत की बात आई, तो उन्होंने खुलकर कुछ नहीं बोला। जिस अंदाज में उन्होंने जवाब दिया, उससे यह संकेत मिले हैं कि इस बार गुटबाजी की आशंका को खत्म करने के लिए पार्टी ऐसे चेहरे को मैदान में उतार सकती है, जो दोनों खेमों के लिए स्वीकार्य हो। पार्टी पहली बार किसी महिला नेत्री को भी मैदान में उतार सकती है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में इस हलके से भाजपा में टिकट के पांच प्रमुख दावेदार थे। उस समय सीटिंग एमएलए रणधीर सिंह कापड़ीवास को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था, परंतु टिकट की बाजी राव इंद्रजीत सिंह के हाथों में आने के बाद कापड़ीवास की टिकट कट गई थी। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर का हराने पर पूरा जोर लगा दिया था। भाजपा में राव इंद्रजीत सिंह विरोधी खेमा भी लामबद्ध हो गया था, जिस कारण पार्टी प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा था। राव ने हार की ठीकरा डा. अरविंद यादव के सिर फोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, जबकि कापड़ीवास को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। चुनाव का दौर बीत जाने के बाद भी पार्टी के दोनों गुटों के बीच मतभेद दूर नहीं हुए। गत लोकसभा चुनावों के दौरान भी दोनों खेमों की गुटबाजी खुलकर देखी जा चुकी है।

बिप्लब देब।

नायब सिंह सैनी।

वंदना पोपली।

दो नए चेहरे हो चुके पार्टी में शामिल

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले एक ओर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी रणधीरसिंह कापड़ीवास को दोबारा पार्टी ज्वाइन करा चुके हैं, तो पूर्व जिला प्रमुख व पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे प्रशांत भी टिकट की उम्मीद के साथ भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इन तीनों के पार्टी में आने से टिकट के दावेदारों की लाइन लंबी हो चुकी है। अरविंद यादव चुनाव कार्यालय खोलकर चुनाव का बिगुल बजा चुके हैं, जबकि सतीश खोला खुद को सबसे बड़ा दावेदार मान रहे हैं।

राव खेमे से अजय पटौदा रहे मौजूद

सह प्रभारी बिप्लब देब की मौजूदगी में राव इंद्रजीत सिंह खेमे से टिकट के दावेदार अजय पटौदा ही बैठक में मौजूद रहे। इस खेमे से सुनील मुसेपुर एक बार फिर से मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं, तो अनिल रायपुर भी चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। ऐसे में पार्टी इस बार ऐसे चेहरे को मैदान में उतार सकती है, जिसका दोनों खेमों में कोई विरोध नहीं हो। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए किसी महिला को मैदान में उतारने के चांस ज्यादा नजर आ रहे हैं।

जीत दर्ज करने में सक्षम को ही दी जाएगी टिकटः बिप्लब देब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी बिप्लब देब ने कहा कि विधानसभा चुनावों में पार्टी पूरा अध्ययन करने के बाद ऐसे चेहरों को ही मैदान में उतारेगी, जो सीट निकालने में सक्षम होंगे। इसके लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान व दूसरे वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन किया जा रहा है। पार्टी विधानसभा चुनावों में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से जीत करने की व्यापक रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। जो कमजोरियां सामने आ रही हैं, उन्हें दूर करने प्रयास किए जा रहे हैं। वीरवार को रेस्ट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग के बाद बिप्लब देब ने कहा कि प्रदेश में सीएम नायब सिंह सैनी अच्छा कार्य कर रहे हैं। भाजपा इन विधानसभा चुनावों में अच्छी सीटें निकालने जा रही है। चुनावों में बेहतर परिणाम हासिल करने की रणनीति पर लगातार कार्य किया जा रहा है। रेवाड़ी में गत विधानसभा चुनावों में भाजपा की गुटबाजी के सवाल पर बिप्लब देब ने कहा कि इस बार ऐसा नहीं होगा। विस चुनावों से पहले पूरी पार्टी संगठित नजर आएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायतों को सुनकर उन्हें दूर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। चुनावों से पहले संगठन स्तर पर व्यापक वर्किंग की जा रही है, ताकि बेहतर परिणाम हासिल हो सकें। उन्होंने टिकट के दावेदारों की संख्या अधिक होने के सवाल पर कहा कि पार्टी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जिस पार्टी का ग्राफ बढ़ता है, उसी पार्टी में टिकट के दावेदारों की संख्या अधिक होती है। टिकट के लिए ऐसे चेहरों का चयन किया जाएगा, जो जीत हासिल करने में पूरी तरह सक्षम होंगे। चुनावों तक पार्टी नेताओं के आपसी मतभेद दूर किए जाएंगे। पूरी पार्टी संगठित होकर चुनाव मैदान में उतरेगी। इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल भी उनके साथ मौजूद थे।

रेवाड़ी। पदाधिकारियों की बैठक लेते बिप्लब देव।

कार्यकर्ता चुनावों को लेकर कस लें कमर

पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए बिप्लप देव ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं। अगर किसी कार्यकर्ता को कोई शिकायत है, तो वह खुलकर बताए। कार्यकर्ताओं की शिकायतों को तुरंत दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता चुनावों की मजबूती से तैयारी करें। बूथ स्तर तक प्रवास का कार्यक्रम बनाए। इस मौके पर कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सह प्रभारी के समक्ष शिकायतें भी रखीं, जिन पर जल्द समाधान होने का आश्वासन दिया।